### गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोपी को बिना जांच क्लीन चिट, अवैध वसूली के आरोपों ने पुलिस व्यवस्था की साख पर खड़े किए प्रश्नचिह्न

# चरित्र प्रमाण पत्र मामला: "पैसा दो, क्लीन चिट लो?"

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई






छिंदवाड़ा जिले के चौरई से उठी एक खबर ने न केवल पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि उस भरोसे को भी झकझोर दिया है, जिस पर आम जनता अपनी सुरक्षा और न्याय की उम्मीद टिकाए बैठी है। मामला किसी साधारण लापरवाही का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के भीतर पनप रही संभावित अनियमितताओं का है, जो कानून के रक्षक को ही कठघरे में खड़ा कर देती है।

कहानी शुरू होती है एक ऐसे दस्तावेज़ से, जिसे आमतौर पर "चरित्र प्रमाण पत्र" कहा जाता है—एक ऐसा प्रमाण, जो किसी व्यक्ति के सामाजिक और कानूनी इतिहास का आईना होता है। शासकीय नौकरी हो या कोई अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रिया, यह दस्तावेज़ उस व्यक्ति की विश्वसनीयता का प्रमाण माना जाता है। लेकिन जब यही आईना धुंधला कर दिया जाए, या यूं कहें कि जानबूझकर साफ दिखाने की कोशिश की जाए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है।

चौरई थाना क्षेत्र में सामने आए इस मामले में आरोप है कि एक ऐसे व्यक्ति को, जो विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत दर्ज आपराधिक प्रकरण में नामजद है, बिना समुचित जांच के "क्लीन चिट" दे दी गई। जिन धाराओं का जिक्र सामने आया है—354(क), 323, 327, 341, 506, 294 और 34—वे कोई साधारण आरोप नहीं हैं। ये वे धाराएं हैं जो किसी व्यक्ति के आचरण और समाज के प्रति उसके व्यवहार की गंभीर तस्वीर पेश करती हैं। ऐसे में बिना गहन जांच के चरित्र प्रमाण पत्र जारी किया जाना, केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न है।

आरोपों के केंद्र में चौरई थाने में पदस्थ एक आरक्षक राजू भारती का नाम सामने आ रहा है, जिन पर यह गंभीर आरोप है कि उन्होंने 18 सितंबर 2024 को उक्त प्रमाण पत्र जारी किया।

कहा जा रहा है कि इस दौरान थाना स्तर के रिकॉर्ड, विशेषकर वीसीएनबी रजिस्टर और संबंधित पत्राचार का परीक्षण तक नहीं किया गया। यह वही रिकॉर्ड होते हैं, जिनके आधार पर किसी व्यक्ति के आपराधिक इतिहास की पुष्टि की जाती है। यदि इनकी अनदेखी की गई, तो यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। इस पूरे प्रकरण में जो सबसे चौंकाने वाला पहलू सामने आता है, वह है—अवैध वसूली का आरोप।

### राशि लेकर कर दिया जाता है प्रमाण पत्र जारी

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर थाना स्तर पर लंबे समय से एक "अनौपचारिक व्यवस्था" चल रही है। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों द्वारा युवाओं से तीन से चार अंकों तक की राशि लेकर बिना जांच के प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। यानी "पैसा दो, क्लीन चिट लो" का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। यदि ये आरोप सही साबित होते हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति या एक थाने की बात नहीं रह जाती, बल्कि यह पूरे सिस्टम में व्याप्त उस सोच को उजागर करता है, जहां नियमों को दरकिनार कर निजी लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि चरित्र प्रमाण पत्र केवल एक कागज़ का टुकड़ा नहीं होता, बल्कि यह समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना से जुड़ा होता है।

### कमजोर व्यवस्था बनी समाज के लिए खतरा

जब एक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति "चरित्रवान" घोषित कर दिया जाता है, तो वह न केवल व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाता है, बल्कि समाज के लिए भी खतरा बन सकता है। इस मामले ने कानून व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आम नागरिक जब पुलिस थाने में जाता है, तो उसे यह भरोसा होता है कि वहां से उसे निष्पक्षता और न्याय मिलेगा। लेकिन जब उसी थाने से ऐसे आरोप सामने आते हैं, तो यह भरोसा डगमगाने लगता है। यह स्थिति पुलिस विभाग के लिए भी चिंतन का विषय है, क्योंकि कुछ लोगों की कथित करतूतें पूरे विभाग की छवि को धूमिल कर देती हैं।

## जेल तिराहा कॉम्प्लेक्स में पानी की समस्या से परेशान हैं लोग

### सैंकड़ों का बिल लेने के बाद लापरवाह बना नगर निगम



छिंदवाड़ा। शहर में व्यवस्थाओं का हाल किसी पुराने नाटक की तरह हो चला है पटकथा वही, किरदार वही, और समस्याएं भी वही। फर्क बस इतना है कि अब दर्शक यानी आम जनता इस नाटक से ऊब चुकी है। ताजा मामला बस स्टैंड मानसरोवर के सामने स्थित जेल तिराहा कॉम्प्लेक्स का है, जहां पिछले दो दिनों से नलों में पानी नहीं आया, लेकिन नगर निगम की जिम्मेदारियों का 'प्रवाह' अब भी कागजों में बदस्तूर जारी है।व्यवसायिक क्षेत्र होने के बावजूद यहां संचालित होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों की हालत इन दिनों किसी रेगिस्तान में खुले ढाबे जैसी हो गई है जहां ग्राहक तो आते हैं, पर पानी नहीं। सोचिए, जहां चाय से लेकर थाली तक सब कुछ पानी पर निर्भर हो, वहां दो दिन तक नल सूखे रहें तो कारोबार कैसे 'तर' रहेगा? होटल संचालकों की मानें तो वे पहले ही गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे हैं, और अब पानी ने भी साथ छोड़ दिया है। यानी आग भी मुश्किल से जल रही है और पानी भी नदारद व्यापार करें तो कैसे करें?सबसे दिलचस्प बात यह है कि नगर निगम हर महीने 780 रुपये जलकर के नाम पर वसूल तो पूरी ईमानदारी से करता है, लेकिन बदले में पानी देना शायद उसकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि जलकर एक 'कल्पनात्मक सेवा' का शुल्क बन चुका है जिसमें पानी का अस्तित्व केवल बिल में दिखाई देता है, न कि नलों में।अगर मान भी लिया जाए कि किसी तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है, तो सवाल उठता है कि क्या वैकल्पिक व्यवस्था नाम की कोई चीज नगर निगम के शब्दकोश में है? टैंकरों से पानी उपलब्ध कराना कोई नई या अनोखी व्यवस्था नहीं है, लेकिन यहां तो लगता है कि टैंकर भी 'विशेष अवसरों' के लिए ही आरक्षित हैं या फिर उनके लिए जिनके पास 'अतिरिक्त भुगतान' की क्षमता है।व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम के ही कुछ कर्मचारी इस संकट को अवसर में बदलने में लगे हैं। ब्लैक में पानी बेचना अब कोई छुपी हुई बात नहीं रही। मजबूर व्यापारी, जिन्हें अपने प्रतिष्ठान चलाने हैं, वे मजबूरी में ऊंचे दामों पर पानी खरीद रहे हैं। यानी एक तरफ सरकार टैक्स ले रही है, दूसरी तरफ उसी व्यवस्था के लोग 'पानी का निजीकरण' कर रहे हैं वो भी खुलेआम। यह स्थिति न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि उस मानसिकता को भी सामने लाती है, जिसमें आम जनता की परेशानियों को 'रोजमर्रा की बात' मान लिया गया है। सवाल यह है कि जब व्यवसायिक क्षेत्र में यह हाल है, तो आवासीय इलाकों की स्थिति कैसी होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं।नगर निगम को शायद यह समझने की जरूरत है कि पानी कोई विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि मूलभूत आवश्यकता है। और जब इसी आवश्यकता की आपूर्ति में लापरवाही बरती जाती है, तो उसका सीधा असर लोगों की आजीविका पर पड़ता है।फिलहाल जेल तिराहा कॉम्प्लेक्स के व्यापारी पानी के इंतजार में हैं उम्मीद लगाए कि शायद अगली बार जब नल खोलें, तो उसमें से सिर्फ हवा नहीं, बल्कि पानी भी निकले। और अगर ऐसा नहीं होता, तो कम से कम नगर निगम की तरफ से कोई 'सूचना' ही आ जाए, ताकि वे यह तय कर सकें कि व्यापार करें या फिर 'सूखे' हालात में सिर्फ इंतजार ही करते रहें।



## तहसील कार्यालय में गुंडागर्दी

### नोटरी-स्टाफ से मारपीट, मचा हड़कंप

छिंदवाड़ा। तहसील कार्यालय में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गुलाबरा निवासी भानु पहाड़े ने नोटरी, स्टाम्प वेंडर और टाइपिस्ट के साथ मारपीट कर दी। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिसर में दहशत फैल गई और कामकाज कुछ समय के लिए ठप हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भानु पहाड़े पहले कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने लगा और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने हाथापाई शुरू कर दी। घटना के दौरान वहां मौजूद लोग घबरा गए और खुद को सुरक्षित करने में लग गए।घटना से आक्रोशित तहसील कार्यालय के कर्मचारी एकजुट हो गए और विरोध जताते हुए तहसीलदार से शिकायत की। कर्मचारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं कार्यस्थल की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि भानु पहाड़े लंबे समय से तहसील कार्यालय में सक्रिय है और खुद को अधिकृत बताकर लोगों को गुमराह करता है। उसे एक दलाल के रूप में काम करते हुए कई बार देखा गया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## राजस्व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

## कुआं खुट्टी जंगल में रेत भरते पकड़ा ट्रैक्टर

### एक सप्ताह में दूसरी बार जंगल में पकड़ा ट्रैक्टर, हरिभूमि की खबर पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज के कुआं बादला सर्कल अंतर्गत वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन लंबे समय से जारी है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि कुछ नाकेदारों की मिलीभगत से रेत माफिया को संरक्षण मिल रहा है, जिसके कारण यह अवैध गतिविधि रुकने का नाम नहीं ले रही।

इसका प्रत्यक्ष उदाहरण फांसी ढाना जंगल के मुनारा क्रमांक 771 के पास स्थित गोंद्रा नदी में बड़े पैमाने पर हुए अवैध उत्खनन से देखा जा सकता है। इसके अलावा नर्सरी के समीप पुल के पास भी रेत चोरी की घटनाएं सामने आईं, जहां स्थिति नियंत्रित करने के लिए विभाग को नाली तक खोदनी पड़ी।इन घटनाओं को लेकर समाचार पत्र हरिभूमि लगातार खबरें प्रकाशित करता रहा है, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। हाल ही में जिला कलेक्टर एवं वन मंडल अधिकारी, छिंदवाड़ा ने एसडीएम जुन्नारदेव और वन विभाग को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

इन निर्देशों के बाद बीते रविवार रात फांसी ढाना जंगल में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए रेत से भरा एक ट्रैक्टर जब्त कर कुआं बादला वन चौकी में खड़ा किया।इसके बावजूद अवैध उत्खनन पूरी तरह नहीं थमा। बीती रात लगभग 11:30 बजे सूचना के आधार पर कुआं खुट्टी जंगल के कक्ष क्रमांक पी-219 में एक बिना पंजीयन का ट्रैक्टर रेत भरते हुए पकड़ा गया। इस पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार प्रकाश परते, कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल फूलभान शाह, नाकेदार रामदास शर्मा, पतलशी भारती और वाहन चालक रामेश्वर पवार शामिल रहे।

### निगम ने चलाया नो प्लास्टिक अभियान

छिंदवाड़ा। जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु वार्ड क्रमांक 42, जेल बगीचा सब्जी मार्केट में "नो प्लास्टिक अभियान" चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक राज जैन द्वारा बाजार में उपस्थित सभी दुकानदारों, क्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर घर से ही कपड़े के थैले लेकर आएं।अभियान के दौरान दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि वे ग्राहकों को प्लास्टिक थैलियों में सामान न दें तथा वैकल्पिक रूप से कपड़े या अन्य पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाएं।इस अवसर पर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की आईईसी टीम भी उपस्थित रही एवं अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।नगर निगम द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं।

## वन कर्मियों के हत्थे चढ़ा सागौन तस्कर, एक महीने से था फरार

### पिकअप वाहन किया जब्त, चालक को भी किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वन वृत्त के अंतर्गत शिवपुरी थाना क्षेत्र के बाघबर्दिया में एक महीने से फरार सागौन तस्कर वन कर्मियों के हत्थे चढ़ गया । जिसे परासिया लाया जाकर कार्रवाई की गई ।

मिली जानकारी के अनुसार गत माह 17 मार्च की रात्रि झूर्रे बीट के वन अमले ने गश्ती के दौरान एक चार पहिया पिकअप वाहन को MP 28 G 3890 को पकड़ा था । जिसमें वाहन चालक उमाकांत मालवी भूरा निवासी भमोड़ी को पकड़ लिया गया , वहीं मौका स्थल से मुख्य आरोपी रविन्द्र राठौर , बागबर्धिया के ग्राम टांडा का निवासी मौका स्थल से फरार हो गया था । वाहन चालक के कथनानुसार मुख्य आरोपी रविन्द्र राठौर की पतासाजी वन अमला द्वारा की जाती रही । वह लगातार वन अमले को चकमा देते रहा रहा । जिसके टांडा में होने की पक्की सूचना 17 अप्रैल शुक्रवार को मिली ।जिसके बाद अलका भूरिया परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में आरोपी रविन्द्र राठौर के निवास बाघबर्दिया - टांडा में दबिश दो गई , तो रविन्द्र राठौर घर पर मिला । जिसे पकड़कर प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही हेतु परासिया लेकर आए । वन विभाग के अनुसार रविन्द्र राठौर आदतन अपराधी है । उसके विरुद्ध पूर्व में भी सर्च वारंट प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ।

**फरार आरोपी के पकड़ने में सहयोगी स्टॉफ** - अलका भूरिया रेंजर , जागेश्वर भलावी प. स. शंकरपुर , बी एस कुमरे डिप्टी रेंजर , शिवलाल सल्लाम' डिप्टी रेंजर , रविशंकर सल्लाम , मनोज मस्तकार , लिंकनसिंह , राठौर , प्रवीण श्रीवास्तव , राहुल अग्रवाल , अनूप कंसाना , केदार साहू , नीतू बरकड़े , हिमांशु पाण्डे , वाहन चालक राजेश बाथरे की भूमिका रही ।

### नगर पालिका प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

जुन्नारदेव -: स्थानीय प्रशासन नगर ने सुचारू आवागमन व्यवस्था को देखते हुए गत दिनों पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें नगर के समस्त व्यापारी को आमंत्रित कर मुख्य मार्केट से अतिक्रमण हटाने पर विचार विमर्श किया गया था।इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने पुलिस प्रशासन को साथ लेकर अपने दलबल के साथ नगर के मुख्य मार्केट और मेन रोड की दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया। वहीं पक्की दुकानों के सामने चूने की लाइन भी डाली। तथा व्यापारियों को समझाइए दी गई कि इस लाइन के आगे दुकान का सामान रखने पर जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात रहे कि नगर के मुख्य मार्ग में विगत कई दिनों से अतिक्रमणों के कारण आवागमन बाधित होता रहता है। हमेशा मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिससे प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ी सहित इमरजेंसी रूपरेखा बनाई गई। वर्तमान में व्यापारियों को स्वयं अपने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक: अवैध उत्खनन और भंडारण पर लगाया 81 लाख से अधिक का जुर्माना

### मेसर्स श्री विनायक मिनरल्स पर अकेले 59 लाख की पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन करने वाले माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के बाद, कलेक्टर न्यायालय ने तीन अलग-अलग मामलों में दोषियों पर 81,37,320 (इक्यासी लाख सैंतीस हजार तीन सौ बीस रुपये) का भारी-भरकम जुर्माना ठोंका है।

इस सख्त रुख से अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में नीरज कुमार वशिष्ठ, जिला कलेक्टर, पांढुरना का कहना है कि "अवैध खनिज गतिविधियों को जिले में किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई केवल शुरुआत है; नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन का डंडा इसी तरह चलता रहेगा।"

#### मुरूम मिट्टी के अवैध खनन पर 12 लाख का जुर्माना

तहसील सौंसर के ही मौजा गोंडीवाडोना (खसरा नंबर 39/1) में बिना किसी वैध प्राधिकार के मुरूम मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर मुकेश पटेल (रायसिंग एण्ड कंपनी, छिंदवाड़ा) और बब्बूसिंह बाक्सर (मोहखेड़) के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रकरण क्रमांक 0016/अ-67/2025-26 में आदेश पारित करते हुए कलेक्टर ने इन पर 12,00,000 का जुर्माना लगाया है।-



#### रेत के अवैध भंडारण पर 9.75 लाख की गाज

एक अन्य मामले (प्रकरण क्रमांक 0022/अ-67/2025-26) में, मौजा हिवराखंडेरायवार में अवैध रूप से रेत का भंडारण करने पर रोमदेव उर्फ विक्की कालबांडे और गंगाधर गोखे (लोधीखेड़ा) पर 9,75,000 का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही, जब्त की गई रेत को राजसात (अधिहरण) करने के आदेश भी दिए गए हैं।

#### मैंगनीज के अवैध उत्खनन पर 59 लाख से ज्यादा की पेनल्टी

कलेक्टर न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0013/अ-67/2024-25 में जारी आदेश (दिनांक 17.04.2026) के अनुसार, तहसील सौंसर के मौजा भिलापार (खसरा नंबर 83, 84) में मेसर्स श्री विनायक मिनरल्स (सीईओ सत्यव्रत सतपति, भोपाल) द्वारा मैंगनीज खनिज का अवैध उत्खनन पाया गया। इस गंभीर उल्लंघन पर न्यायालय ने 59,62,320 की शास्ति (जुर्माना) अधिरोपित की है।

## चेकिंग के दौरान पकड़ा गया ड्रग तस्कर, एमडी ड्रग पाउडर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिला पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पांढुर्णा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार रात पुलिस ने एनएच 47 पर घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया, जिसके पास से कीमती मेथामफेटामाइन (एम.डी.) ड्रग्स बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सोनी एवं एसडीओपी ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित कुमार दाणी की टीम भंदारगोंदी तिराहा स्थित शिव दर्शन ढाबा के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम वाहन चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक कर रही थी, तभी सफेद रंग की यामाहा आर. 15 बाइक पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर सकपका गया और भागने की कोशिश करने लगा।

### मोबाइल कवर में छिपा रखा था 'जहर'

संदेह होने पर पुलिस ने युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। चेकिंग के दौरान आरोपी के रेडमी मोबाइल फोन और उसके कवर के बीच चतुराई से छिपाकर रखी गई दो जिप लॉक पॉलीथिन मिलीं। इसमें 4.67 ग्राम सफेद-भूरे रंग का एम.डी. ड्रग पाउडर बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10,000/- बताई जा रही है।

### नेटवर्क खंगाल रही पुलिस




पुलिस ने आरोपी योगेश पैठनकर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एन.डी.एस. की धारा 8/22 सहित मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की यामाहा बाइक और मोबाइल भी जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार दाणी ने बताया कि आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है ताकि ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य गिरोह तक पहुँचा जा सके। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित कुमार दाणी, सउनि शिवकरण पांडे, प्रधान आरक्षक गजानन मांगुलकर, आरक्षक अशोक हरसुले, पुष्पेंद्रसिंह और अखिलेश हिंगवे का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्टर ने फसल सत्यापन व उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

## उपार्जन केंद्र में पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं होने से नाराज हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा जिले में सेटेलाइट से प्राप्त फसल सत्यापन के तहत विकासखंड छिंदवाड़ा के अंतर्गत ग्राम सारना, रामगढ़ी एवं उमरिया ईसरा में मौके पर पहुंचकर खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्राम सारना के खसरा नंबर 244/4 रकबा 0.858 हेक्टेयर में सेटेलाइट के माध्यम से अन्य फसल दर्शाई गई थी, जबकि मौके पर निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पर गेहूं की फसल पाई गई, जो पटवारी की गिरदावरी अनुसार सही पाई गई एवं सत्यापित की गई।

इसी क्रम में ग्राम रामगढ़ी के खसरा नंबर 342/1 रकबा 1.958 हेक्टेयर में सेटेलाइट के अनुसार भूमि पड़त दर्शाई गई थी, लेकिन मौके पर जांच में लगभग 1.5 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की फसल पाई गई तथा शेष भूमि पड़त मिली। इस पर कलेक्टर श्री नारायन द्वारा उपार्जन में सुधार करते हुए रकबा कम कर संशोधित सत्यापन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। ग्राम उमरिया ईसरा में खसरा नंबर 485/2/1, 485/2/2 एवं 485/2/3 में सेटेलाइट द्वारा अन्य फसल दर्शाई जा रही थी, किन्तु मौके पर निरीक्षण के दौरान गिरदावरी अनुसार गेहूं की फसल पाई गई, जिसे सत्यापित किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने उपार्जन केंद्र सीडब्ल्यू जमुनिया का भी निरीक्षण किया। यहां सारना समिति के प्रबंधक श्री प्रमोद करवैया एवं श्री नीतीश खलखोह (चनिया कला) द्वारा उपार्जन केंद्र में आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एसएडीओ श्री सी.एम. अवस्थी को भी लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद उपार्जन केंद्र उमरिया ईसरा का निरीक्षण किया गया, जहां सात समितियों—उमरिया ईसरा, खापाकला, शाहपुरा, बनगांव, माचागोरा, झिलमिली एवं बाका नागलपुर की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री नारायन ने यहां मापदंडों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु खाद्य विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे, एसडीओ कृषि, तहसीलदार सुश्री मीना दशरिया, नायब तहसीलदार सुश्री हेमांगप्रिया श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी एवं पटवारी उपस्थित थे।

## अस्पताल परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, 20 तारीख से भूख हड़ताल की चेतावनी

# बीएमओ हटाओ, अस्पताल बचाओ से गूंजा अस्पताल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में पदस्थ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेश शुक्ला के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। बीएमओ की कार्यप्रणाली और कथित 'हिटलरशाही' से नाराज होकर शुक्रवार से बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में ही अनिश्चितकालीन सामूहिक हड़ताल शुरू कर दी है।

कर्मचारियों की दोटूक मांग हैबीएमओ हटाओ, स्वास्थ्य सेवाएं बचाओ,आंदोलनकारी कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि प्रभारी बीएमओ डॉ. योगेश शुक्ला से तत्काल प्रभार वापस लिया जाए और उन्हें जिले के बाहर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही, उनके कार्यकाल के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और



अनियमितताओं की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग भी की गई है।

धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी नेताओं ने बीएमओ पर कई संगीन आरोप लगाए हैंःजिंसमे बीएमओ के संरक्षण में अस्पताल में प्रसव (सीजर) के लिए गर्भवती महिलाओं से खुलेआम पैसों की मांग और वसूली की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि बीएमओ जानबूझकर विरोधी नीतियां चलाकर कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं।

नर्स श्रीमती वंदना सहित कई कर्मचारियों की झूठी शिकायतें कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पूर्व बीएमओ के कार्यकाल में आई अस्पताल की करीब 200 कुर्सियां गायब होने का मुद्दा भी उठाया गया।पिछले साल जुलाई में हनुमान लोक में बिना किसी ठोस कारण के 32 कर्मचारियों को बुलाकर परेशान करने का आरोप भी लगाया गया।

### दिग्गज संगठनों का मिला समर्थन

इस आंदोलन का नेतृत्व मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नीलकंठ वीरखरे न्यू बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुनील वाहने संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रफुल ठाकरे,लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष राजू खंडाईत कर रहे हैं। इन सभी ने बीएमओ की लापरवाह कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है।कर्मचारी नेता श्री विरखरे ने तल्ख लहजे में बताया कि यदि शासन-प्रशासन ने 19 तारीख तक सौसर बीएमओ को पद से नहीं हटाया, तो 20 तारीख से हम सभी कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होंगे।

### यह रहे आंदोलन में प्रमुख रूप से उपस्थित

अस्पताल परिसर में चल रहे धरना आंदोलन के प्रथम दिन स्वास्थ्य नेताओं ने बीएमओ हटाने को लेकर जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन भी किया।हड़ताल में श्रीराम अहीरवार, डॉ. अतुल परड़कर, श्रीमती अनिता जोशी, रविप्रसाद तुमराम, ईमान खान, अश्विनी कामले, काजल पराड़कर, पुष्पा पाल, कीर्ति चौधरी, वंदना इवनाती, आयुषी बिसाकरे सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। स्वास्थ्य कर्मियों की इस हड़ताल से आने वाले दिनों में अस्पताल की सेवाओं पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है। इधरसौसर बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला ने बताया कि मेरे द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है।आंदोलन के दौरान लगाए जा रहे आरोप निराधार है।

### करूणा बौद्ध विहार दमुआ में मनाई बाबा साहेब की जयंती

**दमुआ।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती करूणा बौद्ध विहार दमुआ में बडे ही हर्षोल्लास, धूमधाम और गरिमा पूर्ण तरीके से मनाई गई इस अवसर पर सुबह बौद्ध विहार में पंचशील ध्वज के आरोहरण से हुई बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करने बडी संख्या मे सामाजिक बन्धु बौद्ध विहार पहुंचे , जहां सामूहिक बुद्ध वंदना कर त्रिशरण पंचशील ग्रहण किये एवं तथागत भगवान बुद्ध की अष्टधातु की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किये इसके बाद विशाल वाहन रैली जो कि बुद्ध विहार से सुखराम दफाई, न्यू माईनस डबल स्टोरी, पुराना माईनस, पंचशील पार्क राखीकोल, मेगजीन दफाई इन सभी जगहो पर पूज्य भन्ते जी द्वारा सामुहिक वंदना की गई रात्रि 7 बजे बौद्ध विहार दमुआ से नगर भ्रम हेतु डी.जे. आतिशबाजी के साथ रैली निकाली गई जहां भारी संख्या में सामाजिक बन्धु नगर के सभी नागरिक बन्धु राजनैतिक दल उपस्थित रहे करूणा बौद्ध विहार दमुआ के तत्वाधान में अध्यक्ष विपत नागले, उपाध्यक्ष गौतम दुपारे, एवं महामाया महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीलम खातरकर द्वारा सुन्दर झांकिया की बच्चो द्वारा झलक दिखाई गई जिसमे छोटे-छोटे बच्चे गौतम बुद्ध, बाबा साहब, सम्राट अशोक, ज्योतिबा फूले, माता रमाबाई , सावित्री बाई फूले, फातिमा शेख, शिवाजी महाराज की आर्कषक वेशभूषा में नजर आये रैली का जगह जगह स्वागत किया गया अंजुमन कमेटी दमुआ, लक्ष्मी हॉटल, सोनू सोनी, गुरूद्धारा गुरूसिंह सभा, शिवा, आकाश ठाकरे अरविन्द सिंह, लायंस सेवा समिति प्रमुख डॉ. आर. के. विश्वकर्मा, मदन सोनी आदि के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था कराई गई जामा मस्जिद दमुआ, पेराडाईज गारमेंट, दुर्गा मंदिर समिति दमुआ प्रिंस राजपाल, मुस्ताक भाई द्वारा रैली का भव्य स्वागत किया गया। रैली के लिए लगाये गये स्टालों के प्रमुख प्रभारी को समिति द्वारा भारतीय संविधान ग्रंथ चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया है। तत पश्चात रैली बौद्ध विहार पहुंची जहां पूरा विहार जय भीम, जय संविधान जय भारत के जय घोष के नारो से गूंज उठा । विहार में उपस्थित सभी सामाजिक बन्धु, सभी गणमान्य नागरिक, सभी राजैनितक एव सभी नागरिकगणों की उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर भन्तेजी द्वारा उद्बोधन एवं महाबोधि महाविहार की आदोलनकारी बेटी रोशनी बौद्ध द्वारा बाबा साहब के विचारो को गीतो के माध्यम से महसूस कराया गया।



## "जनता के टैक्स की बर्बादी!" नए बस स्टैंड में वाहन वसूली में 5 कर्मचारियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर के नए बस स्टैंड में वाहनों से टैक्स वसूली के लिए 5 कर्मचारियों को दिनभर तैनात किया गया है, जबकि यह काम आसानी से सिर्फ एक कर्मचारी द्वारा भी किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, इस अनावश्यक तैनाती के चलते कर्मचारियों के वेतन का भार बढ़ रहा है और नगर पालिका को प्रतिदिन करीब 2000 का सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सीमित संसाधनों में काम संभव है, तो आखिर 5 कर्मचारियों को इस कार्य में क्यों लगाया गया है?

क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर जानबूझकर की जा रही अनदेखी?स्थानीय नागरिकों में इस व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी



जा रही है। लोगों का कहना है कि एक तरफ नगर में विकास कार्यों के लिए बजट की कमी का हवाला दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की फिजूलखर्ची खुलेआम जारी है।

"जिम्मेदार कौन?"नगरवासियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और अनावश्यक तैनाती को तत्काल खत्म किया जाए, ताकि नगर पालिका को हो रहे नुकसान पर रोक लगाई जा सके।

## भीम जयंती महोत्सव का हुआ भव्य समापन, पुरस्कारों की हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय भीम जयंती महोत्सव का समापन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुआ। 11 अप्रैल से शुरू हुए इस महोत्सव में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया गया।

महोत्सव का आगाज़ महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से हुआ। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम,भव्य मोटरसाइकिल रैली और फल वितरण,जयभीम रैली और प्रबोधन कार्यक्रमहुए। प्रबोधन कार्यक्रम में नागपुर के मुख्य वक्ता बाबारावजी हंसते,रायभांनजी दहाट,प्रोफेसर डॉ. दयानंदजी गोरले ने शिरकत की। इस दौरान मंच पर देवेंद्र बागडे, डॉ. वाय. एल. ठवरे, जी. एम. दुफारे,



मुरलीधर कामले, श्रीमती पमिता बागडे, मंडल अध्यक्ष पंकज शेडे, निर्णायक मंडल के सदस्य सूर्यकिती काले श्रीमती कुसुम पवार उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले बच्चों और युवाओं को पुरस्कृत किया गया,प्रथम पुरस्कारः जयभीम ग्रुप डांस (अव्यम दुफारे, मैत्रेय बागड़े, भव्या गजभिये, आरव दुफारे, धम्मरषित चौरे, सानिध्य चौरे,द्वितीय पुरस्कार संचिता गजभिये और अंशिका बागड़े (ग्रुप डांस)। तृतीय पुरस्कार विराट गजभिए एवं काजल गजभिए,उत्कृष्ट पुरस्कार में कु. तन्वी कड़वे, आरवि कामले, जानवी कामले और साक्षी आदि को दिया,कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागडे के द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंडल के उज्जवल अवसरमोल, सुनील बागडे, सूरज बागडे, अलकेश गजभिए, हर्ष बागड़े, सागर वाहने, शुभम पाटिल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं का योगदान रहा।

### डिजिटल तकनीक से होगी जनगणना, जुन्नारदेव में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न



**जुन्नारदेव।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज कन्या परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। 15 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में शासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने उत्साह एवं गंभीरता के साथ सहभागिता निभाई।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अजयसिंह, गजेन्द्र मालवीय एवं चापले जी द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना की तकनीकी एवं व्यवहारिक बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। विशेष रूप से नजरी नक्शा (लेआउट मैप) तैयार करने की प्रक्रिया पर गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें क्षेत्र के भवनों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं सीमाओं के सटीक चिन्हांकन की विधि समझाई गई।कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार एवं विकासखंड जनगणना अधिकारी ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य की सूक्ष्मताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मोबाइल ऐप (HLO) के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए डेटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## नाले के किनारे मौत से जंगः पेड़ से टकराकर रुका ट्रक, चालक की हालत गंभीर

### बकरामुंडी के पास सुबह 5 बजे हादसा, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया घायल चालक



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत बकरामुंडी नाले के पास शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें डेकोरेशन सामग्री से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर नाले के बीच स्थित पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चालक विजय कुमार मर्सकोले (25 वर्ष), निवासी चिड़चाडबांध (महाराष्ट्र) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका एक पैर टूट गया और वह ट्रक के अंदर बुरी तरह फंस गया।जानकारी के अनुसार, ट्रक ग्राम नंदोरा से शादी समारोह का डेकोरेशन कार्य पूरा कर आमगांव की ओर लौट रहा था। सुबह करीब 5 बजे बकरामुंडी नाले के पास रात्रि का जागरण होने के कारण नींद का झोंका आ गया और इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक सीधे नाले के पास खड़े पेड़ से जा भिड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि ट्रक पेड़ से नहीं टकराता तो वह सीधे पुलिया से नीचे गिर सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ ने ट्रक को रोककर चालक सहित अन्य लोगों की जान बचा ली। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। चालक को निकालने के लिए दो जेसीबी मशीनों की मदद ली गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला जा सका। घायल अवस्था में उसे तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोंदिया रेफर कर दिया गया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने रात 1 बजे तक थाना परिसर में किया जमकर विरोध

# तेज रफ्तार कार का कहर, घर का इकलौता चिराग बुझा दो बच्चे हुए अनाथ

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर गुरूवार की रात करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहाँ एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने सड़क के किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद युवक की 7 वर्षीय भांजी गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसका गोंदिया में उपचार जारी है। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, घटना रात लगभग 8 बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी अनुसार नहलेसरा निवासी सुनील पिता राधेलाल नागेश्वर अपनी बाइक क्रमांक एम पी 22 जेडई 6995 से बुआ देवका बाई पति तामसिंह पंचेश्वर निवासी पाटापार और भांजी कांछी पिता गजेंद्र बाहेश्वर निवासी मौली के साथ वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम गटापायली जा रहे थे। लखनवाड़ा और ग्राम जाम के बीच बुंआ लघु शंका के लिए सड़क के किनारे चल गई। बाइक सवार सुनील अपनी भांजी के साथ सड़क किनारे खडे थे। तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की लग्जरी कार क्रमांक एमपी 50 सीए 0347 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के साथ-साथ कार के परखच्चे उड़ गए। कार चालक बाइक सवार युवक को करीब 20 फीट दूर तक घसीट कर लेकर गया।



जिस कार से यहां हादसा हुआ वह कर गोपाल अग्रवाल की है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी बंटी बिसेन और शुभम पटले ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। वही कांछी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया वहां से उसे गोंदिया रेफर किया गया है। सड़क हादसे के बाद बड़ी संख्या में नहलेसरा कि ग्रामीण और मृतक के नाते रिश्तेदार सरकारी अस्पताल पहुंचे। इधर सड़क हादसे की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंची और ना ही कार चालक की गिरफ्तारी हो पाई इस बात से आक्रोशित होकर ग्रामीण रात करीब 10 बजे थाना पहुंच गए। जहां ग्रामीणों ने रात्रि 1 बजे तक जमकर विरोध किया। ग्रामीण कार मालिक गोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार गोपाल अग्रवाल ही चला रहे थे। आक्रोशित ग्रामीणों का यह आरोप था कि पुलिस कार मलिक को बचा रही है इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने थाना परिसर में देर रात तक जमकर विरोध किया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से कार को जब्त कर लिया है। इधर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक युवक घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं जबकि पिता लकवा ग्रस्त हैं। युवक की मौत से परिवार और गांव में मातम छाया हुआ है।

शुक्रवार की सुबह मृतक के शव का पीएम करने के पहले भी ग्रामीणों और स्वजातीय जनों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, पुलिस ने घटना के बाद कार चालक (मालिक) के खिलाफ शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक अपराध पंजीबृद्ध नहीं किया था जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों और परिजनों को मिली तो उन्होंने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। सुबह साढ़े 10 बजे पुलिस ने दबाव के बाद आरोपी गोपाल अग्रवाल के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (1), 125(ए), 281 और मोटर अधिनियम 1988 की धारा 184 की कार्रवाई की है। जिसके बाद परिजनों ने शव का पीएम करने दिया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उधर गोंदिया में 07 साल की मासूम कांछी जिंदगी और मौत से लड़ रही है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली छात्राओ को किया गया सम्मानित

# उकवा कन्या विद्यालय में किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय उकवा की प्राचार्या श्रीमती सुनीता बोरकर ने छात्राओ की वार्षिक परीक्षा फल 2026 की पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि हमारे विद्यालय की दसवी कक्षा में 66 छात्राएं हैं और सभी 66 छात्राएं उत्तीर्ण है जिनमे कु टीनू बिसेन पिता भोजराज बिसेन 93.8 प्रतिशत सुप्रीम साहू पिता सुबोध साहू 93% कसक पटले पिता लोकचंद पटले साधना चौधरी पिता चंदन चौधरी 90.2% छाया गौतम पिता काशीराम गौतम 88.4% आंचल बिसेन पिता भागचंद बिसेन 86.6 प्रतिशत हेमलता बिसेन पिता दिनेश बिसेन 86.4 रक्षा ठाकरे पिता संजय ठाकरे 86.2 माही पंचतिलक पिता रविंद्र पंचतिलक 86 हिमांशु बिसेन पिता कोमल बिसेन 84% सिंधु बिसेन पिता साधुराम बिसेन 83.6% सिद्धि उपाध्याय पिता पहलाद उपाध्याय 83.6 प्रतिशत सीता उडकुडे पिता प्रमोद उडकुडे 83.2% दिव्या पटले पिता सुरेंद्र पटले 82.8 प्रतिशत इसी तरह कक्षा 12वीं कला संकाय की 17 छात्राए सभी



उत्तीर्ण कॉमर्स 9 में 9 छात्राएं उत्तीर्ण विज्ञान (गणित) पांच छात्राएं सभी उत्तीर्ण विज्ञान ( बायो) 19 में से 15 छात्राएं उत्तीर्ण जिनमे आदिला आलम पिता फिरोज आलम 84.02 प्रतिशत विशाखा फुंदने पिता गणपत पुंदने 84.02 प्रतिशत मुस्कान कालहे पिता डंडी लाल 83.4% स्नेहा घुले पिता किशोर घुले 82.8 प्रतिशत डाली बिसेन पिता ओमप्रकाश बिसेन 80.4% तृप्ति शेंद्रे पिता मंगल शेंद्रे 79.6% अंशिका नागपुरी पिता धीरेंद्र नागपुर 73.6% पलक डेकाटे पिता सुरेंद्र डेकाटे 73% प्रतिशत लाने वाली सभी छात्राओं एवं उनके पालकों को पुष्प हार पहनकर सम्मानित किया गया । सर्व धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जेम्स बारिक ने कहा कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा की छात्राओं ने 100% परीक्षा फल बनाकर अपने स्कूल अपने गांव एवं अपने पालकों का नाम रौशन किया है।शिक्षिका श्रीमती पंकज राणा नूपुर तिवारी शिखा पटले महिमा पटले रश्मि मेश्राम ज्योति उक्के प्रज्ञा बिसेन एवं सरस्वती कटरे शिक्षक श्री डीडी चौधरी एम एल गेडाम एच एल पटले एच तुरकर एच बँसोड पी एस ठाकरे आर गजभिए एस कृपगए धनेंद्र गौतम एवं समस्त स्टाफ एवं पत्रकार अशोक राउत, आनंद गोदरे ने छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

## जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं, रोजगार सहायक व सरपंच पर गंभीर आरोप

# मृतक के नाम पर हाजिरी, फर्जी बिल और लाखों की हेराफेरी- सेवती पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवती में भ्रष्टाचार का ऐसा जाल सामने आया है, जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2022 से अब तक हुए निर्माण कार्यों, स्ट्रीट लाइट योजना और रोजगार गारंटी के नाम पर लाखों रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

सबसे चौंकाने वाला मामला मृतक भोजराम मेश्राम के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर राशि आहरण करने का है। जानकारी के अनुसार भोजराम मेश्राम की मृत्यु 2 जून 2024 को हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद 9 से 15 मार्च 2025 तक उनके नाम से हाजिरी भरकर भुगतान निकाल लिया गया। यह सीधा-सीधा सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी और धोखाधड़ी का मामला है। हैरानी की बात यह है कि इतने गंभीर मामले में भी संबंधित रोजगार सहायक श्यामलाल पांचे पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई, बल्कि केवल 1000 रुपये का मामूली जुर्माना लगाकर मामला दबाने की कोशिश की गई।

ग्राम सेवती में लुटिया भवराटोला में बन रही 600 मीटर सीसी रोड में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जहां मिट्टी युक्त रेत डाली जा रही है और सीमेंट की मात्रा भी कम रखी जा रही है, जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। वहीं, स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 13,60,000 रुपये का स्टीमेट तैयार किया गया, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। इसके बावजूद मेंटेनेंस के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 15वें वित्त की राशि निकाल ली गई। यह मामला पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है।

इस पूरे मामले में गत 9 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत किरनापुर द्वारा जांच दल गठित किया गया था, जिसमें 2,21,418 रुपये की वसूली भी की गई। जांच में यह भी सामने आया कि बिना तकनीकी स्वीकृति के 30,300 रुपये का मुलभूतिकरण कार्य और 1,04,500 रुपये नाली सफाई पर खर्च किए गए, जो नियमों के विरुद्ध है। इसके अलावा, ग्राम सभा की अनुमति के बिना ही



खर्च किए जाने और शासन के दिशा-निर्देशो की अवहेलना भी उजागर हुई। बावजूद इसके, संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

आवेदक पवन कश्यप (उपसरपंच, ग्राम पंचायत बिसोनी) ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में मांग की है कि रोजगार सहायक श्यामलाल पांचे और संबंधित सरपंच के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही निष्पक्ष जांच के लिए आरोपी को अन्य पंचायत में स्थानांतरित कर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। आवेदन की प्रतिलिपि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को भी भेजी गई है, जिससे इस मामले को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करेगा या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा?

## खबर संक्षेप

### केवलारी की उपतहसील उगली में नहीं है पानी की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की विधानसभा क्षेत्र विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली जहां पर राजस्व संबंधित निराकरण के केस, और भी अपराधों की पेशी होती है,इस भवन अंतर्गत नायब तहसीलदार साहिबा मैडम की उपस्थिति में प्रतिदिन कोर्ट खुलती है, इस कोर्ट में विगत एक माह से पेयजल की समस्या बाधित है, प्राप्त जानकारी के अनुसार कारण बोर की मोटर जल गई है, इसके संदर्भ में संबंधित विभाग से बात करने पर पता चला कि मोटर जल जाने की वजह से पेयजल की समस्या बाधित है, अतः इसका सीघ्र निराकरण किया जाएगा, लेकिन आज दिन तक उप तहसील उगली भवन की जली हुई मोटर का सुधार कार्य नहीं किया गया है, जिससे इस भीषण गर्मी में जल संकट का सामना वे ग्रामीण जो अपने भू राजस्व संबंधित केस के लिए उपस्थित होते हैं,दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है, उप तहसील परिसर में पदस्थ नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक जी भी इस और ध्यान नहीं दे रही है. नवागत कलेक्टर नेहा मीना जी जिन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व सिवनी जिले का पदभार संभाला है, जिन्हें उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आकर्षित करते हुए इस समस्या का शीघ्र निराकरण अपेक्षित है, संवेदनशील कलेक्टर मैडम शीघ्र अपने सिवनी जिले में पेयजल की समस्याओं का निराकरण करेंगे ऐसी अपेक्षाएं हैं.

### खवासा में विद्युत बिल संबंधी शिकायतों का मौके पर निर्णय निराकरण किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी संभाग के अंतर्गत वितरण केंद्र कुरई में लगाया गया शिविर आज दिनांक 17.4. 2026 को ग्राम खवासा में पीएम योजना सोलर सोलर का शिविर लगाया गया साथ ही ग्रामीणों की विद्युत बिल संबंधी शिकायतों का मौके पर निर्णय निराकरण किया गया एवं बंद खराब मीटर की शिकायतों का भी तत्काल निराकरण किया गया सुभाष राय कार्यपालन अभियंता के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विद्युत पखवाड़ा अभियान में सभी घरेलू गैर घरेलू में स्थापित स्मार्ट मीटर की सघन चेकिंग की जा रही है जिसमें मीटर की सर्विस वायर एवं मीटर रीडिंग की जाँच की जा रही है.सभी उपभोक्ता को सतत विद्युत प्रदाय के लिए हाइ ट्रिपिंग 11 kv फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है साथी सभी ग्रामीणों को जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां भी दूर की जा रही है यह स्मार्ट मीटर में स्पष्ट रीडिंग TOD सरचार्ज लाभ की जानकारी दी जा रही है यह लोगों को समय पर विद्युत बिल भुगतान करने से बचने के लिए भी अवगत कराया जा रहा है।

### छपारा आईटीआई परिसर में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आईटीआई उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत युवाओं के लिए शास. आईटीआई छपारा में दिनांक 16/04/2026 को आईटीआई परिसर में कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ। गुरुवार सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ इस कैंपस ड्राइव में नुबेनो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड मिहान नागपुर द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें 110 आवेदक उपस्थित हुए। सभी आवेदकों का साक्षात्कार कंपनी अधिकारियों द्वारा लिया गया । प्रभारी प्राचार्य भूपेंद्र उइके ने बताया कि कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का मार्ग छात्रों के समक्ष रखा जाता है। इस अवसर पर उपस्थित कंपनी के अधिकारी श्री चेतन ने कंपनी की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से बताया और इस आयोजन को छात्र हित में ठोस कदम बताया। कंपनी के ।।क्र निखिल जी ने कंपनी में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के विषय में प्रकाश डाला और अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया। संस्था के टीपीओ हर्ष सोनी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयनित सभी 35चयनित उम्मीदवारों को 18 हजार प्रतिमाह के वेतन पर नागपुर में ही नियुक्ति दी जाएगी। जिनमें से 10 उम्मीदवारों को संस्था में ही त्वरित नियुक्ति हेतु ऑफर लेटर प्रदान किया गया । कैंपस ड्राइव में शामिल रामभरोस यादव ने बताया कि भविष्य के निर्माण के लिए यह एक सुनहरा कदम है। कार्यक्रम में छात्रों की जानकारी एकत्रित करने का कार्य क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया जिसका निर्वहन संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा पूर्ण तत्परता एवं लगन से किया गया, जिसके लिए कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा शास. आईटीआई छपारा प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

# मेहनत की कमाई हुई राख, फैक्ट्री नरवाई की आग की भेंट चढ़ी

**नरवाई की आंख का तांडव हर दिन जिले में मचा हुआ है. पहले ही सैकड़ो एकड़ की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई कई मकान जलकर स्वाहा हो गए जिसमें लाखों का नुकसान उठा चुके लोगों ने लेकिन इसके बाद भी सबक नहीं लिया गया और नरवाई की आग हर दिन विकराल रूप ले रही है एक बार फिर सिवनी जिले के छपारा में नरवाई की आग में भारी नुकसान और तबाही मचाई है।**






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

छपारा के रहने वाले नूर खान की चंदेनी गांव स्थित प्लास्टिक रॉ मैटेरियल रीसायकल करने फैक्ट्री थी जो नरवाई की आज की चपेट में सुबह 4 बजे आ गई जो देखते ही देखते जलकर खाक हो गई जिसमें लाखों का नुकसान हुआ है नूर खान ने बताया कि फैक्ट्री में रीसायकल करने के लिए खरीद कर लाया गया रॉ मैटेरियल भी रखा था जो इस आगजनी की घटना में जलकर खाक हो गया फैक्ट्री में लगी मशीन भी जलकर स्वभाव हो गई जिसमें लगभग 15 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है फिलहाल दाल 112 और दमकल वाहन में पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है लेकिन 4 साल की मेहनत से तैयार की गई और कर्ज लेकर लगाई गई यह फैक्ट्री नरवाई की आंग की भेंट चढ़ गई. अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि लाखों के नुकसान की भरपाई कैसे हो पाएगी क्योंकि प्रशासन के द्वारा नरवाई में आग लगाने वालों पर कड़े कार्रवाई को लेकर कोई नियम नहीं है आए दिन जिले में नरवाई की आज का तांडव देखने को मिल रहा है।

### मुंगवानी कला में नरवाई जलाने से 50 खेत जले, लाखों की क्षति; प्रतिबंध उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज

सिवनी (बंडोल). कलेक्टर के आदेश के बावजूद नरवाई जलाने की लापरवाही से मुंगवानी कला में बड़ा नुकसान हो गया। एक किसान द्वारा लगाई गई आग तेज हवा के चलते फैलकर करीब 50 खेतों तक पहुंच गई। घटना में किसानों के लाखों रुपए के सिंचाई पाइप, मोटर व वायरिंग जलकर नष्ट हो गए। जानकारी के अनुसार, पवन यादव अपने खेत में नरवाई जला रहा था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने चेतावनी को अनदेखा कर दिया। कुछ ही देर में आग बेकाबू होकर आसपास के खेतों में फैल गई, जिससे नितेश ठाकुर, रामलाल यादव, नंदकिशोर यादव, माताप्रसाद सहित कई किसानों को नुकसान हुआ। पटवारी की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसारः नितेश ठाकुरः 2.20 हेक्टेयर में रखे 100 पाइप जले रामलाल यादवः 200 पाइप व 3 पनडुब्बी मोटर नष्ट नंदकिशोर यादवः 70 स्प्रिंकलर पाइप जले अन्य 1000 फीट से अधिक वायरिंग व मोटर नष्ट जिले में नरवाई जलाने पर लागू धारा 144 (बीएनएसएस 163) के उल्लंघन पर बंडोल थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223(ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रशासन के अनुसार, मौके पर पंचनामा तैयार कर नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## अज्ञात कारणों से कंटेनर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**सिवनी** जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत खवासा टोल प्लाजा के समीप 16 अप्रैल की देर रात एक कंटेनर में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना के समय आसपास अन्य वाहन भी मौजूद थे, जिससे कुछ समय के लिए बड़ी दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात कंटेनर खवासा टोल प्लाजा के पास से खड़ा था, तभी अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई। आग लगते ही चालक और आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल स्थिति को समझते हुए दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कंटेनर काफी हद तक जल चुका था और उसमें रखा सामान भी नुकसानग्रस्त हो गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास खड़े अन्य वाहनों में भी आग फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही कुरई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी या कंटेनर में रखे कोई ज्वलनशील पदार्थ जैसी आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर वाहन सुरक्षा और सतर्कता की आवश्यकता को उजागर किया है।

### राजदीप फ्यूल्स धनौरा के संचालक की बेटी नियति जैन ने कक्षा 12 वीं में 92.1 % अंक प्राप्त कर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



केशव राय धनोरा - सिवनी जिले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनपद पंचायत धनोरा मुख्यालय में पलारी कहानी रोड में स्थित राजदीप पेट्रोल पंप के मालिक दीपेश जैन की बेटी नियति जैन अपनी शिक्षा शांति निकेतन विद्यालय करेली जिला नरसिंहपुर से प्राप्त कर रही थी नियति जैन ने अपनी मेहनत ओर लगन से कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय में 92.1 प्रतिशत अंक हासिल किया ओर विशेष रूप से जीवविज्ञान विषय में 99 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अपने पिता दीपेश जैन, माता निधि जैन एवं अपने परिवार ,ग्राम धनौरा ओर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी ने बेटी नियति जैन को अपना अपना आशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गणेशगंज कु.रोशनी गुप्ता ने 95.8% बनाकर गर्ल्स हाई स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया



कु.रोशनी गुप्ता पिता राजा गुप्ता (शिक्षक) गर्ल्स हाई स्कूल गणेशगंज से कक्षा 10वीं में 500 में से 479 अंक अर्जित कर 95.8 % बनाकर गर्ल्स हाई स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। कु. रोशनी गुप्ता की मेहनत लगन से मिली सफलता के लिये उन्हें माता पिता परिवारजनों, स्कूल प्रबंधक व स्टाफ परिचितों ने बधाई शुभकामनाये दी है।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर मुस्लिम विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद, सिवनी द्वारा आज गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने एवं देशभर में सशक्त गौ संरक्षण कानून लागू करने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम सौंपा गया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर खान के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री महामंत्री शोएब राजा खान एवं जिलाध्यक्ष साजिद खान सज्जू के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया कि भारत विविधता, सहअस्तित्व एवं आपसी सम्मान की परंपरा वाला देश है, जहां गाय का विशेष सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व रहा है। परिषद ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा में "माता" का दर्जा प्राप्त है और यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने देश में बढ़ती गौ



तस्करी, अवैध वध, बूचड़खानों के विस्तार एवं गौमांस निर्यात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये गतिविधियां सामाजिक सौहार्द एवं देश की सांस्कृतिक विरासत को प्रभावित कर रही हैं। परिषद ने मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उसे विशेष संवैधानिक संरक्षण दिया जाए तथा गौमांस के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके साथ ही परिषद ने कमजोर एवं बूढ़ी गायों की खरीदी-बिक्री पर रोक, गौवंश की मृत्यु पर सम्मानजनक अंतिम संस्कार, देशभर में एक समान कठोर गौ संरक्षण कानून लागू करने, गौशालाओं को विशेष सहायता प्रदान करने, गौ आधारित उत्पादों एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा अवैध गौ तस्करी रोकने हेतु विशेष टास्क फोर्स गठित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई। इस अवसर पर परिषद के सरपरस्त शब्बीर वारसी, जिला उपाध्यक्ष असलम मिर्जा, जावेद खान (सिहोरा), लाइक पटेल, जिला कोषाध्यक्ष रहीम खान, जिला सचिव फैजान खान, सिराजुद्दौला, लीगल एडवाइजर एडवोकेट मतीन खान, एडवोकेट सलमान खान, सोहेल पटेल (कान्हीवाड़ा), मीडिया प्रभारी हसीब खान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भीम आर्मी के पदाधिकारी संतोष महेरा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों—मोहम्मद इरशाद कादरी, फरहान, साहिब खान, शाहरुख खान, इमरान, नदीम खान, मोहम्मद इरशाद खान आदि की भी सहभागिता रही। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं देश की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगी।

## तालाब में मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कन्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुटका से एक दुखद घटना सामने आई है। यहाँ के हिरी टोला तालाब में आज एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ पाया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, जब ग्रामीण सुबह तालाब की ओर गए, तो उन्होंने पानी में एक शव को उतराते हुए देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कन्हीवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस द्वारा की गई



शुरुआती जांच और शिनाख्त में मृतक की पहचान मंगल सिंह उईके के रूप में हुई है, जो चुटका गांव का ही निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बादः शव का पंचनामा तैयार किया।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

## सतुवाई अमावस्या पर सत्तू का प्रसाद भीषण गर्मी में स्वास्थ्य का संदेश



लखनादौन। सतुवाई अमावस्या के पावन अवसर पर श्री राम मंदिर ट्रस्ट, लखनादौन में श्रद्धा और भक्ति के साथ पर्व मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम को सत्तू अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच सत्तू का प्रसाद वितरित किया गया। इस भीषण गर्मी के मौसम में सत्तू का विशेष महत्व बताया गया। सत्तू न केवल एक पारंपरिक आहार है, बल्कि यह शरीर को ठंडक प्रदान करने के साथ-साथ ऊर्जा का भी प्रमुख स्रोत है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को लू से बचाने में सहायक होते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, सत्तू का नियमित सेवन शरीर को हाइड्रेट रखने,जल युक्त पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और थकान दूर करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से सत्तू को गर्मी से राहत पाने के लिए एक कारगर उपाय माना जाता रहा है।

मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने इस अवसर पर लोगों को सत्तू के सेवन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्राकृतिक और पारंपरिक खाद्य पदार्थों को अपनाकर हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## अनियंत्रित होकर गिट्टी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आमई ग्राम के समीप गुरुवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब गिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली गिट्टी भरकर किसी निर्माण कार्य के लिए जा रहा था। इसी दौरान आमई ग्राम के पास मोड़ पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। पलटने के कारण ट्रॉली में भरी



गिट्टी सड़क पर फैल गई और ट्रैक्टर व ट्रॉली दोनों को नुकसान पहुंचा।

घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और चालक की मदद की। बताया जा रहा है कि चालक को हल्की चोटें आईं, लेकिन वह पूरी तरह सुरक्षित है। आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते सावधानी बरतते हुए किसी भी संभावित खतरे को टाल दिया।

जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह क्षेत्र काफी व्यस्त माना जाता है। यहां से दिनभर वाहनों और ग्रामीणों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में यदि घटना के समय वहां अन्य वाहन या लोग मौजूद होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और सावधानी की आवश्यकता को उजागर किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर सडक़ संकरी और मोड़दार है, जिससे इस प्रकार की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्थानों पर चेतावनी संकेतक और सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि सडक़ सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## कोतवाली पुलिस ने गुण्डागर्दी करने वाले कुख्यात बदमाश को भेजा जेल

कोतवाली पुलिस द्वारा आमजनों का जबरन रास्ता रोककर पैसे मांगने वाला कुख्यात आरोपी पंकज गोदरे एवं बल्ले सरदार को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। दिनांक 10/12/2025 को आरोपी पंकज गोदरे धनश्याम उर्फ रेनू चौहान निवासी हरिजन बस्ती महामाया वार्ड सिवनी द्वारा शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग करने पैसे नहीं देने पर मां बहन की गंदी गंदी गालिया देकर हाथ मुक्के से मारपीट कर जान से मारने देने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द किया गया था जो अपराध करने के बाद से अपनी उपस्थिति छिपाते हुए लगातार फरार चल रहा था। जिसके द्वारा पुनः दिनांक 14/04/2026 को प्रार्थी गोलू उर्फ महेन्द्र साह निवासी डेंकी जिला सिवनी द्वारा थाना कोतवाली सिवनी में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 13/04/2026 की रात्रि करीबन 11/00 बजे मोटर सायकिल से सिवनी से ग्राम ढेंकी जाते समय अरूण मेडीकल के पास मेहतरी मोहल्ला भैरोगंज सिवनी निवासी पंकज गोदरे एवं उसका साथी बल्ले सरदार द्वारा मोटर सायकिल से रास्ता रोककर 200 रुपये की मांग करना एवं पैसे देने से मना करने पर दोनों के द्वारा मां बहन की गंदी-गंदी गालिया देकर हाथ मुक्के से मारपीट कर चोट पहुँचाना एवं जाने से खतम कर देने की धमकी दिये है जिस पर थाना कोतवाली सिवनी में उक्त दोनों आरोपियों के विरूध्द सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर तत्काल टीम गठित कर दोनों आरोपियों की तलास संभावित स्थानों में दबिश देकर की गई जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 14/04/2026 को बल्ले सरदार एवं दिनांक 15/04/2026 को कुख्यात आरोपी पंकज गोदरे को पकडने में सफलता प्राप्त हुई जिन्हे विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा उक्त दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

## चेहरे का दर्द: ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया को समझें, जिसका इलाज संभव है

### डॉ. संदीप इरटवार, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया (TN) एक दुर्लभ लेकिन बहुत ही दर्दनाक नसों से जुड़ी बीमारी है, जो चेहरे को प्रभावित करती है। इसमें चेहरे पर अचानक बहुत तेज दर्द होता है, जिसे दुनिया के सबसे तीव्र दर्दों में से एक माना जाता है। अगर इस बीमारी का समय पर पता चल जाए और सही इलाज किया जाए, तो मरीज को काफी राहत मिल सकती है और उसकी जीवन गुणवत्ता बेहतर हो सकती है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता जरूरी है, ताकि लोग समय पर इलाज ले सकें और अनावश्यक दर्द से बच सकें। डॉ.संदीप इरटवार,डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा की,ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया एक पुरानी दर्द की बीमारी है, जो चेहरे की ट्राइजेमिनल नस से जुड़ी होती है। यह नस चेहरे से जुड़ी संवेदनाएं दिमाग तक पहुंचाती है। इस बीमारी में चेहरे को हल्का-सा छूना जैसे दांत ब्रश करना या मेकअप लगाना भी अचानक तेज दर्द शुरू कर सकती हैं। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो दर्द बहुत ज्यादा बढ़ सकता है और मरीज के जीवन पर गंभीर असर डाल सकता है, यहां तक कि आत्महत्या करने जैसे विचार भी आ सकते हैं ।

**लक्षण**: ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीड़ित लोगों को चेहरे में अचानक बहुत तेज और बिजली जैसे झटके वाला दर्द महसूस होता है। यह दर्द कुछ सेकंड से कुछ मिनट तक रह सकता है और अक्सर चेहरे के एक ही तरफ होता है। यह दर्द रोजमर्रा के कामों से शुरू हो सकता है, जैसे खाना खाना, चबाना, बात करना, शेव करना या चेहरा धोना। कई बार मरीज को कुछ समय के लिए आराम मिलता है, लेकिन बाद में यह दर्द फिर से वापस आ सकता है। हालांकि इसके लक्षण हर व्यक्ति में अलग हो सकते



हैं, लेकिन कुछ संकेत ऐसे हैं जिन पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। जैसे बिना किसी दांत की समस्या के बार-बार चेहरे में दर्द होना, हल्के स्पर्श या हवा लगने से दर्द शुरू हो जाना, दर्द के दौरे बार-बार आना या उनका पहले से ज्यादा तेज होना, और सामान्य दर्द की दवाओं से आराम न मिलना।

**जांच** : ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया की पहचान मुख्य रूप से मरीज के लक्षणों के आधार पर की जाती है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए कुछ जांच भी की जाती हैं। डॉक्टर मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और दर्द के पैटर्न को ध्यान से समझते हैं। वे यह देखते हैं कि दर्द किस तरह का है, चेहरे के किस हिस्से में होता है और किन कारणों से शुरू होता है। साथ ही, दूसरी बीमारियों को समझने के लिए न्यूरोलॉजिकल जांच भी की जाती है।

एमआरआई स्कैन (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) इस बीमारी की पुष्टि करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे यह पता चलता है कि नस पर दबाव तो नहीं है या इसके पीछे कोई अन्य कारण जैसे ट्यूमर या मल्टीपल स्क्लेरोसिस तो नहीं है।

**उपचार के विकल्प**

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का इलाज थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन इसके लिए कई प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं। सबसे पहले दवाइयों से इलाज शुरू किया जाता है। इसमें एंटी-कन्वल्सेंट दवाएं दी जाती हैं, जो नसों की असामान्य गतिविधि को कम करने में मदद करती हैं, जबकि कुछ मामलों में मसल रिलैक्सेंट भी दिए जा सकते हैं। लेकिन, सामान्य दर्द की दवाएं इस बीमारी में आमतौर पर असर नहीं करती हैं।

अगर दवाइयों से आराम नहीं मिलता, तो कुछ छोटे और कम जटिल प्रोसीजर किए जा सकते हैं। जैसे नर्व ब्लॉक, रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन और बैलून कंप्रेशन, जो दर्द को कम करने में मदद करते हैं। कुछ गंभीर मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। इसमें माइक्रोवैस्कुलर डिकंप्रेशन (MVD) किया जाता है, जिसमें नस पर पड़ रहे दबाव को कम किया जाता है। इसके अलावा स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी (गामा नाइफ) भी एक विकल्प है, जो बिना ऑपरेशन के रेडिएशन के जरिए इलाज करता है।

**ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया के साथ जीवन**

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया के साथ जीवन जीना मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर बीमारी की पहचान जल्दी हो जाए तो लक्षणों को बढ़ने से रोका जा सकता है। तनाव को कम करना और उन कारणों से बचना जो दर्द को बढ़ाती हैं, दौरे कम करने में मदद कर सकता है। सपोर्ट ग्रुप और काउंसलिंग भी मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया एक दुर्लभ बीमारी है, लेकिन इसका असर बहुत गंभीर होता है। इसके बारे में जागरूकता, समय पर पहचान और सही इलाज से मरीजों का जीवन बदल सकता है। किसी को भी इस दर्द को चुपचाप सहने की जरूरत नहीं है।

### किताब, यूनिफार्म खरीदने स्वतंत्र हैं पालक, शिकायत मिली तो होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

# अभिभावकों पर दबाव बनाया तो निजी स्कूलों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में जिले के अशासकीय (निजी) विद्यालयों पर अब सख्त निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार ऐसे स्कूलों की औचक जांच के लिए विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल सक्रिय किए गए हैं।

जिला प्रशासन को लगातार मीडिया एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ निजी स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को एक ही निर्धारित दुकान या स्थान से पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में इन सामग्रियों को अधिक कीमत पर बेचने की भी शिकायत सामने आई है।

शासन द्वारा पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि अभिभावक खुले बाजार से अपनी सुविधा अनुसार सामग्री खरीद सकते हैं। इसके बावजूद कुछ विद्यालयों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायतों में यह भी सामने आया है कि कई स्कूलों में संबंधित पाठ्यपुस्तकों का भंडारण स्कूल परिसर के किसी गोपनीय कक्ष में या आसपास की एक ही दुकान में किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों पर दबाव बनाया जा सके।



इन गंभीर शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मीना ने जांच प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। अब निरीक्षण दल बिना पूर्व सूचना के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बड़े विद्यालयों में रैंडम तरीके से औचक निरीक्षण करेंगे। जांच दल के सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जांच प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित संबंधित कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। इन प्रतिवेदनों के आधार पर आगामी दिनों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा समीक्षा की जाएगी। बालाघाट जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जांचकर्ता व निरीक्षण दल में प्रभारी बीईओ के साथ मे प्राचार्य, बीआरसी, बीडीओ व जनशिक्षक शामिल किए गए है। जिसमे बालाघाट विकासखंड के लिए निरीक्षण व जांचकर्ता दल में प्रभारी बीईओ श्री आलोक मिश्रा, प्राचार्य श्री एसके तुरकर, बीआरसी महेंद्र शरणागत, जनशिक्षक श्रद्धानंद भालाधरे, रामकृष्णन भौमिक एवं श्री सेवानंद सोमनकर को नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकासखंड वारासिवनी के लिए श्री वीरेंद्र बनोटे, राजेन्द्र कुमार बारमाटे, सतेंद्र शरणागत, अशोक टेम्भरे एवं कोमल बिसेन, लालबर्रा विकासखण्ड के लिए श्री वाय आर गजभिये, अरुण भगत, श्रीराम तुरकर, एनके बिसेन, श्री सुदामा एडे, विकासखण्ड कटंगी के लिए श्री सीएस कुशराम, आर ताजिर, रविन्द्र हरिनखेड़े, रूपसिंह पटले, गजेंद्र राहंगडाले, खैरलांजी विकासखण्ड के लिए श्री मुकेश तिवारी, शैलेन्द्र सहारे, शंकरलाल भगत, भरतलाल लिल्हारे एवं दिलीप बारेबार को नियुक्त किया गया है।

इसी तरह विकासखण्ड किरनापुर विकासखण्ड के लिए प्रभारी बीईओ श्री गणेश सोनी, प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन, बीआरसी सीएल टेकाम, जनशिक्षक सुरजलाल सोनवाने एवं संजय मेरावी, लांजी विकासखण्ड के लिए श्री प्रमोद भिमटे, दुर्गेश फुल्लारे, शिवेंद्र उके, प्रदीप मुरकुटे, विनोद नेवारे, विकासखंड बैहर के लिए बीडीओ श्री नरेन्द्र कुमार वैद्य एवं बीआरसी श्री दीपक तिवारी, विकासखण्ड परसवाड़ा के लिए बीडीओ श्री डीडी ठाकरे एवं बीआरसी श्री अरुण कुमार बिठले तथा बिरसा विकासखण्ड के लिए बीडीओ श्री केके पारधी एवं बीआरसी श्री नंदकिशोर टेकाम को नियुक्त किया गया है।

### मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना

## अप्रेल में ही 41 डिग्री पार, सड़कों पर लॉकडाउन जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट जिले में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। शुक्रवार को पहली बार तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज धूप के कारण दोपहर में सड़कें सूनी दिखाई दे रही हैं, मानो अघोषित लॉकडाउन हो। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है, जिससे गर्मी से तत्काल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।**

बढ़ती गर्मी का असर स्कूलों पर भी पड़ रहा है। दोपहर की कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है, और जो बच्चे आ रहे हैं, वे असहज महसूस कर रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नर्सरी से पांचवीं तक की कक्षाएं सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक संचालित होंगी। वहीं, कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगेंगी। जिले में बढ़ते तापमान के कारण लोग घरों से कम निकल रहे हैं। दोपहर के समय सड़कें और चौराहे सुनसान नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

असाधारण गर्मी से बेचैनी बढ़ गई है, जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से बेचैनी, चिड़चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं हो रही हैं। इसके साथ ही, वायरल फीवर के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म हो रही हैं।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि तेज धूप का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। गर्मी से शरीर का तापमान बढ़ता है, जिससे लू लगने और शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) की समस्या हो सकती है। पानी की कमी से किडनी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए ज्यादा मात्रा में पानी पीयें।

## बिरसा क्षेत्र में 100 दिवसीय निक्षय शिविर के तहत सघन टीबी मुक्त अभियान, विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय निक्षय शिविर एवं सघन टीबी मुक्त अभियान (फेज-2) के अंतर्गत विकासखंड बिरसा के विभिन्न ग्रामों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियव्रत सोनकर एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बिरसा डॉ. के. सुनील सिंह के संयोजन में ग्राम भूतना, माचुर्दा, पितकोना एवं घुम्मर में ये शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी की सक्रिय स्क्रीनिंग की गई, जिससे संभावित मरीजों की समय रहते पहचान संभव हो सकी। इसके साथ ही ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर, एचआईवी, बीएमआई एवं शुगर की जांच भी की गई। संभावित टीबी मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच की जा रही है, ताकि रोग की पुष्टि कर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

शिविर के दौरान चिन्हित संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में संदर्भित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में टीबी मुक्त भारत के निर्माण हेतु सभी उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई, जिसमें जनसमुदाय ने सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पीएम श्री शास उमवि अमेड़ा (डी) का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा डी में सत्र 2025_ 26 में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 88.24 प्रतिशत रहा । जिसमें में विभांशु पांचे , तान्या चचाने ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गगन बोरिकर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पल्लवी पांचे ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया । उसी प्रकार कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95.45 रहा। जिसमें खुशबू कटरे ने गणित विषय में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रियंका पंचेश्वर ने गणित विषय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रागिनी खरे ने बायोलॉजी विषय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया ।





इसी क्रम में कक्षा 12वीं में कला संकाय में मुस्कान मोरध्वरे ने 81.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में गणित विषय में खुशबू कटरे ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया बायोलॉजी विषय में रागिनी खरे ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा वाणिज्य संकाय में लक्की साकेत ने 78.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया संस्था के प्राचार्य महोदय बी एस घरते जी एवं संस्था के सम्मत शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## शाउमावि नगपुरा के विद्यार्थियों ने दिया उत्कृष्ट परिणाम





हरिभूमि न्यू बालाघाट।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की अपेक्षा बेहत्तर रहा। संस्था के प्राचार्य चन्द्रपाल उके ने बताया कि कक्षा 10 वी 86.11% रहा एवं कक्षा 12 वी का 91.66% रहा है। कक्षा 12वी में गणित समूह से कुमारी कावेरी राऊत पिता विजय राऊत ने संस्था में सर्वाधिक 91.8 अंक प्राप्त किये। वही जीव विज्ञान समूह से आशीष मड़ावी पिता सिरेलाल ने 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ग्रामीण क्षेत्र के ये विद्यार्थी बिना किसी कोचिंग किये स्वयं की मेहनत से एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही ये सफलताएं हासिल की है। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनो को दिया। संस्था प्राचार्य ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना प्रेषित की।

## छात्रा प्रीत ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवॉ स्थान पाया




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल वारासिवनी का हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। जिसमें हायर सेकेण्डरी कक्षा 12 वीं की छात्रा लीज़ा पारधी एवं सोनम ठाकरे ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं जिले में प्रथम स्थान, राजवी भगत व करीना वाधवानी ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं प्रणय दरवड़े ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10 वीं में छात्रा प्रीत राणा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम एवं मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवॉ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में मानसी चौरसिया ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, अनोखी बैस एवं कर्तव्य गोखले ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा में 90 प्रतिशत के ऊपर 22 एवं 60 प्रतिशत से 89 प्रतिशत तक 25 छात्र - छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्ही का बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषप्रद

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी किरनापुर विकासखंड के ग्रामीण अंचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्ही का बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा। विद्यालय से कक्षा दसवी में 51 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमे कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 96.07% रहा, वहीं कक्षा 12 वी में 92 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में हिस्सा लिया था, जिसमे बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94.06% रहा। कक्षा दसवी में कुमारी पूजा बारमाटे 93% अंको के साथ विद्यालय में प्रथम, सौम्य रावते 92.20% द्वितीय और कुमारी मीनाक्षी कालबेले 90.40% के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं कक्षा बारहवीं में कुमारी अश्विनी निकुसे 94.80% के साथ प्रथम, कुमारी दिव्यांशी तेलासे 92.20% द्वितीय, कुमारी शीतल पारधी 86% के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर



विद्यालय के प्राचार्य अर्जुनलाल कोरे ने सभी छात्र- छात्राओ को बधाई प्रेषित की और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदित हो कि ग्रामीण अंचल के इस विद्यालय के परीक्षा परिणाम का ग्राफ धीरे धीरे बढ़ता जा रहा हैं, और आशातीत परीक्षा परिणाम प्राप्त हो रहे है, जिसमे शिक्षकों की सुनियोजित ढंग से कक्षाओं की कार्ययोजना, नियमित कक्षाओं के संचालन और मासिक जाँच परीक्षाओं के परिणामस्वरूप प्राचार्य ने सभी शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

### नवनियुक्त सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने संभाला पदभार



**किरनापुर**। जनपद पंचायत किरनापुर में नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) श्रीमती ममता कुलस्ते ने आज विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों को गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभअंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर जनपद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## गोल्डन टूलिप के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### सीबीएसई 10वीं परिणाम- 94.3 प्रतिशत के साथ प्रणय ने किया टॉप

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** गत दिवस 15 अप्रैल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए है। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। विकासखंड कटंगी के गोल्डन टूलिप इंटरनेशल स्कूल कटेधरा के संस्थापक मुकेश कुमार संचेती ने 17 अप्रैल को प्रेस से चर्चा करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि उनके स्कूल का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। 50 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। 46 विद्यार्थियों ने प्रथम और 04 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय में परिणाम घोषित होते ही उत्सव का माहौल बन गया था। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की और अभिभावकों ने बच्चों की सफलता पर स्वयं के लिए इसे गौरव का क्षण बताया है। मुकेश कुमार संचेती ने कहा यह उपलब्धि हमारे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से उल्लेखनीय सफलता हासिल की। परिणामों में कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ विकासखंड का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि 17 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। प्रणय रामटेके ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान पाया है। ईशानी बिसेन और जाह्नवी परिहार ने 92 प्रतिशत से दूसरा और यासवी सोनूसार ने 90.2 प्रतिशत अंक से तीसरा स्थान हासिल किया है। आराध्या ठाकरे, मानसी ठाकुर, मायूस मर्सकोले, रुद्र पटले, लोकेश पंचभाये, पीयूष उके, लाभांसी बिठले, वीर गुप्ता, ईशानी ठाकरे, स्वास्तिका ठाकरे, यश बोमचे, कृत टेम्भरे और डॉली डहरवाल ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। प्रणय मेश्राम बताया कि उन्होंने रोजाना 6 से 7 घंटे नियमित अध्ययन किया और कठिन विषयों के लिए शिक्षकों से अतिरिक्त मार्गदर्शन लिया। वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है।




# डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की वजह से ही पुरुषों के साथ महिला को बराबरी दर्जा प्राप्त हुआः शकुन बौद्ध

### 135वीं जयंती पर 135 केक काटकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परम पूज्य डा. बाबा साहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह कटंगी के तत्वावधान में 14 अप्रैल को विशाल जयंती समारोह मनाया गया। इस मौके पर तथागत बुद्ध एवं परम पूज्य डा. बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के लिए सुनील डोंगरे ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। प्रमुख अतिथि प्रखर वक्ता शकुन बौद्ध ने कहा कि परम पूज्य डा. बाबा साहेब आंबेडकर के रहमो करम से आज सभी वर्ग की महिला सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डा. संजय खोबरागड़े ने कहा कि जिस समाज का नेतृत्व एकमात्र धन अर्जित करने के लिए ही काम करता है वह आंबेडकर मिशन के प्रति समर्पण से कार्य नहीं करता। बाबा साहेब ने समाज के उत्थान के लिए अपने तीन बेटे रमेश राजरतन गंगाधर व बेटी इंदु तथा पत्नी रमाई को खोया। आज आंबेडकर मिशन के नाम धन अर्जित नेता एक मात्र धन अर्जित कर अपने परिवार और रिश्तेदारों के उत्थान का उत्थान करने में मशगूल नजर आते है। कार्यक्रम का आभार संजय शेंडे ने किया। जयंती समारोह समिति की ओर अतिथियों, समाजसेवियों को सम्मान पत्र एवं संविधान भेंट किया गया। इसके पूर्व 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबाराव फुले की जयंती के अवसर पर महापुरुषों की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता व 12 अप्रैल को रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की थी। जिसमें शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। 13 अप्रैल को कवि सम्मेलन आयोजित हुआ।कविता पाठ करने वाले कवियों को सम्मान पत्र व संविधान भेंट किए। भीम चौक से बाइक रैली शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक धम्म भूमि बौद्ध विहार अर्जुननाला होते हुए प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार उमरी में संपन्न हुई। जहां थाईलैंड देश से प्राप्त तथागत बुद्ध की प्रतिमा का तीसरा वर्धापन दिवस मनाया गया। इसके बाद नवाचार करते हुए परम पूज्य डा. बाबा साहेब की 135वीं जयंती के अवसर पर 135 केक काटकर आसमान में जोरदार आतिशबाजी कर जन्म जयंती मनाई गई। देर रात्रि सूरज आतिश कव्वालकार ने कव्वाली के दौरान बुद्ध आंबेडकर मिशन पर बेहतरीन कव्वाली प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद दरवाडे, एडवोकेट युनित खोबरागड़े ने किया।यह रहे अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डा. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ जिला बालाघाट, मुख्य अतिथि पूज्य भदंत डा. चंद्र कीर्ती राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शकुन बौद्ध राष्ट्रीय चिंतक बुद्ध आंबेडकर मिशन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, प्रखर वक्ता बहुजन चिंतक अजाब शास्त्री, आमंत्रित अतिथि फूलसिंह परते अध्यक्ष आदिवासी समाज, देवी सिंह कुभरे संरक्षक आदिवासी विकास परिषद, अशोक कारसर्पे ब्लाक अध्यक्ष गोवारी समाज, संजय पीलगर ब्लाक अध्यक्ष आदर्श होलिया समाज, जितेंद्र भांडेकर ब्लाक अध्यक्ष संत रविदास समाज, योगेंद्र मांत्रे ब्लाक अध्यक्ष मरार माली समाज, सोनू चूटेलकर, मुस्कान तांबे वाल्मीकि समाज, महेंद्र हिरकने जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा के अध्यक्ष, डीडी गजभिए जिला बौद्ध संघ नगर शाखा कटंगी अध्यक्ष, मंजू दिनेश उके महिला समिति अध्यक्ष उपस्थित रहे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा, जिला बालाघाट**

//ईश्तेहार //

रा.प्र.क्र.003 /ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा फडकी तहसील परसवाड़ा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम फडकी तहसील परसवाडा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीलाबाई पिता सुक्कल जाति लोहार निवासी ग्राम फडकी तहसील परसवाडा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं सुशीलाबाई पिता सुक्कल की जन्मतिथि 12.05.1970 को ग्राम फडकी में जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 22/04/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया।

नायब तहसीलदार
उकवा(परसवाड़ा)